#Shahjahahanpur

प्रेस नोट सराहनीय कार्य- 14.03.2023

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने होली वाले दिन ग्राम रौसर मे डी0जे0 पर डांस करते समय गोली लगने से युवक की मृत्यु होने संबंधी घटना मे वांछित अभियुक्त राघवेन्द्र को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 08.03.2023 को थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के ग्राम रौसर मे डी0जे0 पर डांस करते समय गोली लगने से जगपाल उर्फ चीनू की मृत्यु हो गयी थी जिसके सम्बन्ध मे उसके पिता श्री बहोरनलाल पुत्र जयेन्द्र पाल नि0 पट्टी जुझार मदरौली थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 69/23 धारा 304 आईपीसी बनाम बाइश्तवाह राघवेन्द्र उर्फ राहुल पुत्र बिजेन्द्र मोहन नि0 रौसर थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर व राघवेन्द्र के अन्य दोस्तो नाम पता अज्ञात के विरुद्ध बाबात अभियुक्तगणों द्वारा ग्राम रौसर में होली के समय डी0जे0 पर डान्स करते समय फायर करने पर वादी के पुत्र जगपाल माथुर उर्फ चीनू उम्र लगभग 20 वर्ष के गोली लगने व उसकी मृत्यु होने के संबंध में पंजीकृत कराया गया था तथा अभियोग की विवेचना व0उ0नि0 श्री राकेश सिंह के सुपुर्द की गयी।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशन मे व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर जनपद शाहजहाँपुर के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व मे घटना के सफल अनावरण व घटना में संलिप्त अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की टीमो का गठन किया गया।

विवेचना से मुकदमा उपरोक्त की घटना कारित करने में अभियुक्तगण (1) राघवेन्द्र उर्फ राहुल पुत्र बिजेन्द्र मोहन नि0 रौसर थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर (2.) पवन कुमार कनौजिया उर्फ कल्लू राइडर पुत्र रमेशचन्द्र नि0 ग्राम नवादा इंन्देपुर थाना कोतवाली मूलनिवासी पट्टी जुझार मदरौली थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर (3) शिवाकान्त मिश्रा पुत्र मुन्नालाल मिश्रा नि0 रौसर कोठी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर मूल पता राही थाना हरगांव जिला सीतापुर प्रकाश में आये जिनमे अभियुक्त पवन व शिवाकान्त को पूर्व मे स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह उर्फ राहुल लगातार फरार चल रहा था।

इसी क्रम मे थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर की पुलिस द्वारा प्रभावी पतारसी, सुरागरसी व अथक प्रयासों के उपरांत अभियुक्त को दिनांक 14.03.23 को में मुखविर की सूचना पर ग्राम रौसर से समय करीब 07.48 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम व पता-

राघवेन्द्र सिंह उर्फ राहुल पुत्र श्री विजेन्द्र मोहन सिंह निवासी ग्राम रौसर थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

अ0स0 69/23 धारा 304 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रामचन्द्र मिशन शाह0पुर।

पूछताछ का सक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह उर्फ राहुल पुत्र श्री विजेन्द्र मोहन सिंह निवासी ग्राम रौसर थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहांपुर से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 08.03.23 को मै अपने दोस्त पवन कुमार उर्फ कल्लू राइडर के घर उनके नवादा इंदेपुर वाले घर पर सुबह के समय होली मिलने गया था उसके बाद पवन उर्फ कल्लू राइडर व उसका बड़ा भाई अनमोल व

मृतक जगपाल उर्फ चीनू जो कि पवन व अनमोल का सगा तहेरा भाई है मेरे साथ मेरे कहने पर मेरे घर पर ग्राम रौसर मे होली खेलने के लिये आये थे जहां पर पवन व मेरे अन्य दोस्त शिवाकान्त मिश्रा व कुछ अन्य दोस्त भी पहले से मौजूद मिले सभी लोगों ने मेरे घर पर बीअर व शराब पी उसके बाद सभी लोग अपने घर के सामने बज रहे डी0जे0 पर डान्स करने लगे तभी पवन उर्फ कल्लू राइडर ने अपनी पैंट की गोट से एक तमंचा निकालकर हवाई फायर किया उसके बाद वह तमंचा शिवाकान्त मिश्रा ने ले लिया और वह उसको हवा में लहरा कर डान्स करने लगा। पवन के पास एक ओर तमंचा था जिसे उसने अपनी गोट से निकालकर हवाई फायर करने की कोशिश की जो मिस हो गया तभी वह तमंचा पवन के हाथ से मैने ले लिया और शिवाकान्त के हाथ में लिया हुआ तमंचा पवन ने ले लिया मै भी अपने हाथ में लिये तमंचे से फायर करने की कोशिश करने लगा तभी वहाँ मौजूद लोगों व हम लोगों के अन्य दोस्तों व मृतक ने भी हम तीनों को फायर करने से यह कहते हुए मना किया कि इस तरह फायर मत करो किसी को गोली लग सकती है। इसी बीच मेरे द्वारा अपने हाथ में लिये हुए तमंचे की नाल को खोलकर दोबारा कारतूस डालकर उसकी नाल बंद की कि तभी उस तमंचे से फायर हो गया और गोली जगपाल उर्फ चीनू के सीने में लग गयी और वह गिर पड़ा तब उसका भाई अनमोल उसे अस्पताल मै भी उसको साथ लेकर गया जहाँ डा0 ने उसे मृत घोषित कर दिया। मैने जिस तमंचे से फायर किया था वह तमंचा मौके से जाते समय शिवाकान्त मिश्रा को दे दिया। सभी लोगों ने घटना के समय काफी शराब पी रखी थी।

<u>अभियोग का अनावरण/गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. श्री अरविन्द सिंह चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।
2. व0उ0नि0 श्री राकेश सिंह थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 2041 सावन मलिक थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर